अमर उजाला 04/09/2024

भाषण प्रतियोगिता में प्रगति सेजवाल प्रथम

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में लोक प्रशासन विभाग की ओर से विधानसभा चुनावों के लिए भाषण प्रतियोगिता कराई। इसका उद्‌देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा में अक्टूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में अवगत कराना था।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने वोट के महत्व के बारे में बताया और कहा कि सोच समझकर किया वोट राष्ट्र को उन्नति के पथ पर अग्रसर करता है। इसलिए अपने वर्तमान को बेहतर बनाने और भावी पीढ़ी के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए न केवल वोट डालना बल्कि सोच समझ कर बिना किसी के बहकावे में ना आकर वोट करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों को आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़- चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रगति सेजवाल प्रथम, उद्‌भव प्रताप द्वितीय और जय सिंह चौहान तीसरे स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रतिभागियों एवं कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों के साथ साथ डॉ लवप्रीत सिंह तथा प्रो प्रियंका विशेष रूप से मौजूद रहे। संवाद